भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-473**
उत्तर दिनांक 03/12/2025 को दिया गया

## टाटा मेमोरियल सेंटर और डीएई के अंतर्गत कैंसर उपचार केंद्र/अस्पताल

473. श्री जी. एम. हरीश बालयोगी

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) टाटा मेमोरियल सेंटर और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अंतर्गत वर्तमान में कार्यरत अस्पतालों, कैंसर उपचार केंद्रों और अनुसंधान सुविधाओं की विशेषकर आंध्र प्रदेश सहित राज्यवार संख्या कितनी है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) कैंसर देखभाल के विकेंद्रीकरण हेतु क्रियान्वित किये जा रहे हब एवं स्पोक मॉडल का ब्यौरा क्या है तथा देश भर में चिह्नित/संचालित हब एवं स्पोक केंद्रों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या आंध्र प्रदेश में, विशेषकर कोनासीमा क्षेत्र में, इस मॉडल के अंतर्गत कोई अस्पताल/स्पोक केंद्र स्थापित किए गए हैं अथवा प्रस्तावित हैं;

(घ) यदि हां, तो स्थान, स्थिति और पूरा होने की अपेक्षित समय-सीमा सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) डीएई के अंतर्गत कैंसर अस्पतालों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और विस्तार के लिए गत तीन वर्षों के दौरान विशेषकर आंध्र प्रदेश सहित राज्यवार कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई; और

(च) क्या सरकार ने विशेषकर कोनासीमा जैसे पिछड़े तटीय जिलों में कैंसर देखभाल अवसंरचना और कार्यबल की क्षेत्रीय मांग का आकलन किया है/करने की योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

### उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) टीएमसी और परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) के अधीन कार्यरत अस्पतालों का राज्य-वार विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | अस्पताल का नाम | शहर, राज्य | स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | टाटा स्मारक अस्पताल | मुम्बई, महाराष्ट्र | प्रचालित |
| 2 | कैंसर के उपचार, अनुसंधान और शिक्षण का प्रगत केंद्र (एक्ट्रेक) | नवीं मुम्बई, महाराष्ट्र | प्रचालित |
| 3 | महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र (एमपीएमएमसीसी), वाराणसी | वाराणसी, उत्तर प्रदेश | प्रचालित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल | वाराणसी, उत्तर प्रदेश | प्रचालित |
| 5 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र | विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश | प्रचालित |
| 6 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र | न्यू चंडीगढ़, पंजाब | प्रचालित |
| 7 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल | संगरूर, पंजाब | प्रचालित |
| 8 | डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान (बीबीसीआई) | गुवाहाटी, असम | प्रचालित |
| 9 | होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र | मुजफ्फरपुर, बिहार | प्रचालित |

(ख) देशभर में निर्धारित/संचालित हब और स्पॉक केंद्रों की संख्या सहित कैंसर देखभाल के विकेंद्रीकरण के लिए लागू किए जा रहे हब और स्पॉक (केंद्र एवं उसकी शाखाएं) मॉडल का विवरण निम्नलिखित है :-

| **हब (मुख्य केन्द्र)** | **स्पॉक (शाखाएं)** |
|---|---|
| महामना पंडित मदन मोहन मालवीय कैंसर केंद्र (एमपीएमएमसीसी), वाराणसी | होमी भाभा कैंसर अस्पताल, वाराणसी |
| होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, न्यू चंडीगढ़, पंजाब | होमी भाभा कैंसर अस्पताल, संगरूर, पंजाब |

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय कैंसर ग्रिड (एनसीजी) के भाग के रूप में, टीएमसी में 380 कैंसर केंद्र, अनुसंधान संगठन और रोगी समूह जुड़े हुए हैं। हालांकि, एनसीजी में हब और स्पोक मॉडल नहीं है। समन्वय केंद्र टाटा स्मारक अस्पताल है, जो देश में कैंसर देखभाल को सुदृढ़ करने के लिए गुणवत्ता सुधार, मानकीकरण, मानव संसाधन प्रशिक्षण और अनुसंधान जैसी विभिन्न गतिविधियाँ सदस्य केंद्रों के साथ मिलकर संचालित करता है।

(ग) टीएमसी ने आंध्र प्रदेश में एक अस्पताल - होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, विशाखापट्टनम की स्थापना की है।

(घ) उपरोक्त (ग) के उत्तर के मद्देनज़र यह प्रश्न नहीं उठता।

(ङ) पिछले तीन वर्षों के दौरान, परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन कैंसर अस्पतालों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और विस्तार हेतु आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार विवरण, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश के संबंध में, अनुलग्नक– ए में प्रस्तुत है।

(च) टीएमसी ने कोनासीमा जिले में कैंसर देखभाल अवसंरचना और मानव संसाधन की क्षेत्रीय मांग का कोई आकलन नहीं किया है और न ही इस संबंध में कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है।

*****

**अनुलग्नक ए**

**(ई)** पिछले तीन वर्षों के दौरान, लिए, परमाणु ऊर्जा विभाग के अधीन कैंसर अस्पतालों और अनुसंधान केंद्रों की स्थापना और विस्तार हेतु आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का राज्य-वार विवरण, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश के संबंध में

**लाख में** **लाख में**

| राज्य वार | योजना व्यय (परिसंपत्ति सृजन हेतु अनुदान) | | | | | | गैर-योजना व्यय (राजस्व अनुदान में) | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2022-2023 | | 2023-2024 | | 2024-2025 | | 2022-2023 | | 2023-2024 | | 2024-2025 | |
| | आवंटित/जारी अनुदान | व्यय | आवंटित/जारी अनुदान | व्यय | आवंटित/जारी अनुदान | व्यय | आवंटित/जारी अनुदान | व्यय | आवंटित/जारी अनुदान | व्यय | आवंटित/जारी अनुदान | व्यय |
| आंध्र प्रदेश | 10,982.17 | 10,786.01 | - | - | - | - | 447.00 | 838.84 | 2,733.79 | 6,032.73 | 4,573.50 | 7,653.06 |
| पंजाब | 9,499.85 | 9,229.37 | 17,640.00 | 17,699.41 | - | 0.19 | - | - | 1,086.00 | 2,829.54 | 5,200.00 | 12,896.50 |
| वाराणसी | 10,088.93 | 9,617.90 | - | - | **950.00**** | **950.00 **** | 4,665.00 | 13,595.30 | 7,950.69 | 19,925.31 | 9,195.00 | 26,362.01 |
| मुजफ्फरपुर, बिहार | 5,105.00 | 5,163.57 | 7,700.00 | 8,530.20 | 5,315.00 | 4,727.66 | - | - | - | - | | |
| बीबीसीआई, गुवाहाटी | 413.12 | 462.89 | 3,113.00 | 3,073.54 | 3,100.00 | 3,152.52 | 3,559.07 | 8,687.62 | 4,508.52 | 10,200.12 | 5,330.00 | 11,195.24 |
| ओडिशा | - | - | 300.00 | 110.13 | 950.00 | 1,135.73 | - | - | - | - | - | - |
| महाराष्ट्र | 11,201.22 | 12,876.37 | 19,031.47 | 17,966.38 | 43,035.00 | 43,531.61 | 58,350.45 | 1,06,248.91 | 66,715.00 | 1,19,884.25 | 70,578.50 | 1,38,513.27 |
| **सभी राज्यों (टीएमसी) हेतु कुल योग** | **47,290.29** | **48,136.11** | **47,784.47** | **47,379.66** | **52,400.00** | **52,547.52** | **67,021.52** | **1,29,370.68** | **82,994.00** | **1,58,871.95** | **94,877.00** | **1,96,620.08** |

**नोट-** **गैर-योजना व्यय (राजस्व अनुदान में) के मामले में, जारी की गई अनुदान राशि से अधिक किए गए खर्चे को संबंधित वर्ष में अस्पताल द्वारा उत्पन्न आय से वहन किया जाता है।**

**(**) वर्ष 2024-2025 के दौरान वाराणसी परियोजना के संबंध में सीपीडब्ल्यू से प्राप्त रुपए 950 लाख की राशि डीएई को वापस कर दी गई, अतः कुल अनुदान और व्यय में शामिल नहीं किया गया।**